Seventeenth Loksabha

Tile: Regarding renaming of Thakur Nagar Railway Station in West Bengal, starting a new train construction of a subway and a third Platform in Bangaon Pariamentary Constituency.

श्री शान्तनु ठाकुर (बनगांव): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में एक महत्वपूर्ण बात रखना चाहता हूं । ठाकुरनगर की जनता कई सालों से कई लाभों से वंचित है । बनगांव लोक सभा के अंतर्गत हिन्दू मतुया समुदाय के एक तीर्थ स्थल पर पूरे भारत और बांग्लादेश से श्रद्धालु आते हैं, यह मार्च-अप्रैल महीने के बीच होता है । इस अवसर पर हर वर्ष महामेला आयोजित किया जाता है । इसमें श्रद्धालु की भीड़ कम से कम पचास लाख होती है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि ठाकुरनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर श्रीधाम ठाकुरनगर रेलवे स्टेशन बना दिया जाए । इसके साथ ही तीसरा प्लेटफार्म भी बना दिया जाए । जिसमें नजदीकी तक्स्श्रेनी में सबवे का निर्माण किया जाए और मार्च-अप्रैल महीने में मेले के समय एक विशेष रेलगाड़ी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि भक्त लोगों को आने-जाने की सुविधा हो और क्षेत्र के लोगों को प्लेटफार्म की सुविधा का लाभ मिले ।